

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 'वही आत्मविश्वासइ, मांजरेकर ने इस युवा भारतीय बल्लेबाज की तुलना दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी से की

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल को दोषी ठहराया गया.... 12

वर्ष : 12 | अंक : 283 | पटना, मंगलवार, 28 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## न्याय के साथ किया जा रहा सूबे का विकास : राज्यपाल

### आरिफ मो खान ने गांधी मैदान में किया ध्वजारोहण



पटना। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में रविवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने ध्वजारोहण किया। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधान सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव समेत कई मंत्री मौजूद रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने राज्य में हो रहे सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। कहा कि राज्य सरकार सामाजिक सौहार्द और सांप्रदायिक सद्भाव के साथ सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। न्याय के साथ विकास किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, कानून व्यवस्था के क्षेत्र में बिहार सरकार के कार्यों की चर्चा की। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने कहा कि बिहार सरकार का प्रयास है कि युवाओं को ज्यादा-से-ज्यादा नौकरी एवं रोजगार के अवसर मिले। आने वाले वर्षों में 12 लाख नौकरी एवं 33 लाख रोजगार के अवसर सृजित किये जायेंगे। इसके तहत अबतक पांच लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे दी गयी है, इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक, पुलिस कर्मी एवं पदाधिकारी बने हैं। वर्तमान में 1 लाख 27 हजार पदों पर बहाली की प्रक्रिया जारी है जिसमें पुलिस, स्वास्थ्य, भूमि एवं राजस्व तथा अन्य विभागों के पद शामिल हैं। राज्य सरकार इस काम में लगी हुयी है और शीघ्र ही इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जायेगा। सरकार, नौकरी और रोजगार के क्षेत्र में भी तेजी से काम कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने विशिष्ट एवं शौर्य पुरस्कार प्रदान किए और परेड की सलामी ली। गणतंत्र दिवस समारोह में 15 विभागों की झांकियां निकाली गई।

**कार्यक्रम में निकाली गई 15 झाकिया :**

कार्यक्रम में 15 झाकियां निकाली गई। पहली झांकी मद्य निषेध विभाग के तरफ से थी, जिसमें शराबबंदी के बाद समाज में आए सकारात्मक बदलावों को दशार्या गया। दूसरी झांकी पटना नगर निगम की थी, जिसमें पिंक टॉयलेट का प्रदर्शन किया गया। तीसरी झांकी उद्योग विभाग की रही। इसके अलावा, भवन निर्माण विभाग ने बापू टावर की झांकी प्रस्तुत की। सहकारिता विभाग ने पैक्स केंद्र की झांकी, जबकि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, और कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने भी अपनी-अपनी झांकियां प्रदर्शित कीं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फहराया तिरंगा

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुबह 10:30 बजे कर्तव्य पथ पर तिरंगा फहराया। उसके बाद 21 तोपों से सलामी दी गई। राष्ट्रपति मुर्मू इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बग्घी में बैठकर कर्तव्य पथ पहुंची। जो इस वर्ष के मुख्य अतिथि हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, और विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहें। पीएम मोदी ने वहां मौजूद गेस्ट से मुलाकात की।

### इंडोनेशिया के जवानों ने भी निकाला परेड



बता दें कि कर्तव्य पथ पर झंडोतोलन के बाद तीनों सेनाओं के हेलिकाप्टर ने परेड की शुरूआत की। आसमान से फूल बरसाए गए। उसके बाद कल्चर मिनिस्ट्री की 300 आर्टिस्ट ने वाद्य यंत्र बजाते हुए परेड निकाले। खास बात यह रही कि इंडोनेशिया के जवानों द्वारा भी कर्तव्य पथ पर परेड निकाला गया। परेड के दौरान पहली सेना की टुकड़ी 61 कैवेलरी की रहीं। यह दुनिया का एक मात्र एक्टिव घुड़सवार सेना रेजिमेंट है।

### कर्तव्य पथ पर कला प्रदर्शन

इस बार गणतंत्र दिवस की थीम गोल्डन इंडिया- हेरिटेज एंड डेवलपमेंट है. इस बार सांस्कृतिक कलाकार पूरे परेड पथ पर अपनी कला का प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। जो पहले सिर्फ राष्ट्रपति बॉक्स के सामने प्रदर्शन करते थे। इसके अलावा, पूरे भारत से लगभग 10 हजार विशेष अतिथियों को परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। जिनमें पैरालंपिक दल, शीर्ष प्रदर्शन वाले गांवों के सरपंच, हथकरघा कारीगर, वन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यकर्ता शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें


### एनवीएस-2 की लॉन्चिंग 29 जनवरी को: इसरो

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) का जीएसएलवी-एफ15 सैटेलाइट एनवीएस-दो के साथ आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार है। एनवीएस-2 उपग्रह को 29 जनवरी को शाम 6 बजकर 23 मिनट पर लॉन्च किया जाएगा। सोमवार को इसरो ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। इससे पहले इसरो ने रविवार को बताया कि उसके रॉकेट जीएसएलवी-एफ15 का सैटेलाइट एनवीएस-02 के साथ इंटीग्रेशन पूरा हो गया है। यह रॉकेट जिसमें स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज है, 29 जनवरी को लॉन्च किया जाएगा। इस रॉकेट पर सैटेलाइट एनवीएस-02 होगा। यह श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 100वां मिशन होगा। नेविगेशन विद इंडियन कंस्टेलेशन भारत का स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम है। इसका उद्देश्य भारत और भारतीय जमीन से 1,500 किमी तक फैले क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं को सटीक पोजीशन, वेलोसिटी और टाइमिंग सेवाएं प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि जीएसएलवी-एफ12 ने एनवीएस-01 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। एनवीएस-01 उपग्रह में एक स्वदेशी परमाणु घड़ी है, जो नैविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन (एनएवीआईसी) की क्षमताओं को बढ़ाती है।

## वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी

### जेपीसी अध्यक्ष बोलें- बहुमत के आधार पर समिति द्वारा 14 संशोधनों को किया गया स्वीकार

प्रात: किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। संयुक्त संसदीय समिति ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। बिल को अगस्त 2024 में 14 बदलावों के साथ संसद के पटल पर रखा गया था। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मीडिया से बातचीत में कहा, 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। 6 महीने तक विस्तृत चर्चा के बाद, हमने सभी सदस्यों से संशोधन मांगे। यह हमारी अंतिम बैठक थी इसलिए, बहुमत के आधार पर समिति द्वारा 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया है। विपक्ष ने भी संशोधन सुझाए थे। हमने उनमें से प्रत्येक संशोधन को आगे बढ़ाया और उस पर मतदान हुआ, लेकिन उनके (सुझाए गए संशोधनों) के समर्थन में 10 वोट पड़े और इसके विरोध में 16 वोट पड़े और वो मंजूर नहीं किया गया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी को बजट सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। वक्फ संपत्तियों के नियमतीकरण के लिए बने वक्फ एक्ट 1995 की मिस-मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए आलोचना की जाती रही है।

जेपीसी की 24 जनवरी को दिल्ली में हुई बैठक में विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया था दावा किया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों पर रिसर्च के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। आरोप लगाया कि बीजेपी दिल्ली चुनावों के कारण ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को संसद में जल्दी पेश करने पर जोर दे रही है। पिछली बैठक में हंगामे के बाद कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा था, संसदीय परंपराओं का पालन नहीं किया जा रहा और यह विधेयक पूरी तरह से समय के खिलाफ है। यह वक्फ की संपत्तियों को हड़पने की एक साजिश प्रतीत हो रही है और इसके माध्यम से देश में नफरत फैलाने की योजना बनाई जा रही है। हमने स्पीकर साहब से सवाल किया कि इतनी जल्दबाजी क्यों है, जबकि इस विधेयक को सत्र के आखिरी दिन, यानी 4 अप्रैल तक रखा जा सकता था। उन्हें यह आशंका है कि इस तरह की जल्दबाजी से सभी पक्षों को अपनी बात रखने का उचित समय नहीं मिलेगा। उल्लेखनीय है कि जेपीसी की पिछली बैठक में दौरान हंगामे के बाद 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबित सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए. राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह नदवी, एम. अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक और इमरान मसूद शामिल थे।

**मुख्यमंत्री धामी ने यूसीसी नियमावली और पोर्टल का किया लोकार्पण**

## उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बना



देहरादून/एजेंसी। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता सोमवार को लागू हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोपहर सवा 01 बजे के करीब मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में यूसीसी को लागू करने के लिए नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण किया। इसी के साथ उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया जहां यह कानून प्रभावी हो गया है। इसके बाद से विवाह, तलाक, लिव इन, लिव इन से अलग होना, विरासत आदि के ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गए। समान नागरिक संहिता के लिए 27 मई 2022 को विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यूसीसी की नियमावली को संबंधित अधिकारियों के प्रशिक्षण के बाद लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि यूसीसी से समाज में एकरूपता आएगी और सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और दायित्व सुनिश्चित होंगे। समान नागरिक संहिता प्रधानमंत्री की ओर से देश को विकसित, संगठित, समरस और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए किए जा रहे महान यज्ञ में हमारे प्रदेश द्वारा अर्पित की गई एक आहुति मात्र है। इसके अंतर्गत जाति, धर्म, लिंग आदि के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया गया है। यूसीसी नियमावली समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि आज का दिन इतिहास लिखने का दिन है। नियमावली बनाने के दौरान ला कमीशन की रिपोर्ट से प्रेरणा ली गई। इसके साथ ही राज्यभर में दौरा कर संवाद किया गया। पारदर्शी और सरल बनाया गया। समय रहते यानी निर्धारित अवधि में इस नियम के तहत कार्य करने की व्यवस्था की गई है। शिकायत देरी पर एक्शन की व्यवस्था भी यूसीसी में किया गया है। विवाह विच्छेद का भी सर्टिफिकेट देने की व्यवस्था की गई है। डेटा को सरल बनाया गया। निजी डेटा का भी ख्याल रखा गया है। अगर किसी को आपत्ति नहीं है तो उस व्यक्ति की उसके अनुसार उनकी डेटा की जानकारी ली जा सकती है। इस प्रकार की डेटा में व्यवस्था की गई है। इस मौके पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि यूसीसी में सभी देवतुल्य जनता के हितों की चिंता करते हुए सरल बनाया गया है। समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे सभी वर्ग के लोगों को त्वरित न्याय मिलेगा। सभी सरकारी विभागों को नियमों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अधिनियम के क्रियान्वयन के दौरान कोई भी समस्या आएगी उसका त्वरित निस्तारण किया जाएगा। अन्य राज्यों के लिए उत्तराखंड उदहारण बन गया है। यूसीसी नियम के तहत पूजा-पद्धति और परंपराओं में कोई बदलाव नहीं किया गया। कोई भी शख्स बहुविवाह नहीं कर पाएगा। सभी के लिए तलाक का कानून एक जैसा होगा। लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण कराना भी जोड़ों के लिए अनिवार्य होगा। इस दौरान पैदा होने वाले बच्चे को भी शादीशुदा जोड़े के बच्चे की तरह अधिकार मिलेगा।

## सीएम नीतीश ने मुख्यमंत्री आवास पर किया झंडोत्तोलन

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 1, अण्णे मार्ग में झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सशस्त्र टुकड़ियों की सलामी ली तथा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर बच्चों को मुख्यमंत्री ने जलेबी खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## 2025 में फिर से नीतीश,एनडीए का एक लक्ष्य : उमेश

प्रात : किरण



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को भोजपुर में आयोजित एनडीए जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश एनडीए परिवार का एक लक्ष्य, एक उद्देश्य और एक संकल्प है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि परिवारतंत्र को बढ़ावा देकर लोकतंत्र को रौंदने वाली विपक्षी ताकतों को सबक सिखाना है और भोजपुर की सभी 7 विधानसभा सीटें एनडीए की झोंली में डालना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के ऐतिहासिक परिणाम ने यह साबित कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दूर-दूर तक कोई विकल्प नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के हाथों में पुनः बिहार की सत्ता का बागडोर देने के लिए एनडीए के प्रत्येक कार्यकताओं को बंद मुट्ठी की तरह एकजुट रहना है और आने वाली हर चुनौतियों को फतह करना है। श्री कुशवाहा ने कहा कि सुशासन के साथ-साथ सर्वांगीण और समावेशी विकास नीतीश सरकार की पहचान रही है। हमारे नेता ने अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। 19 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के विकास को नया आयाम मिला है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार विकसित भारत और विकसित बिहार की दिशा में ईमानदारी से जुटी हुई है।

### संगठन का निष्ठावान कार्यकर्ता ही हमारे बूथ के असली योद्धा : दिलीप

पटना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने एनडीए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। हमारे यहां पद और पैसे की पूजा नहीं होती। पूजा होती है तो त्याग और तपस्या की। कार्यकर्ता व्यक्ति नहीं विचार के लिए काम करता है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्वगुरु बनाने की ओर कदम बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि आज एनडीए पूरी ताकत से एकजुट है। उन्होंने एनडीए कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि एनडीए को मजबूत करने के लिए अपने बूथ पर पूरी ताकत के साथ जुट जाएं।



# श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया।शहर के नैली रोड खटकाचक स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में 76 वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूनम सिन्हा ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी है। इसके साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने राष्ट्रगान गा कर झंडे को सलामी दी है।वहीं इस मौके पर विद्यालय में आयोजित हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी किया गया है। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जदयू नेता सह समाजसेवी कुमार गौरव उसे गौरव सिन्हा के द्वारा किया गया है। पुरस्कार वितरण के पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय की प्राचार्य पूनम सिन्हा ने पौधा एवं अंग वस्त्र देकर किया गया है।

विद्यालय में आयोजित शतरंज प्रतिस्पर्धा में विवेका हाउस ने टैगोर हाउस को हराकर विजेता बना विवेका हाउस से लक्की कुमार यादव को विजेता ट्राफी एवं टैगोर हाउस के हर्ष कुमार को उपविजेता ट्रॉफी दिया गया। कैरम बोर्ड प्रतिस्पर्धा में चंदन कुमार एवं हर्ष कुमार संयुक्त रूप से विजेता बने वहीं पीयूष एवं प्रत्युष उपविजेता बने। बैडमिंटन के बॉयज टीम से आशीष कुमार विजेता बने एवं कुणाल कुमार उपविजेता। वही गर्ल्स टीम से अनामिका कुमारी विजेता एवं निहारिका उपविजेता बनी। खो खो प्रतिस्पर्धा में टैगोर हाउस ने कलम हाउस को हराकर विजेता बना टैगोर हाउस से कैप्टन चंदन कुमार के साथ पीयूष, हर्ष, प्रत्यूष, शिवम, रितिका कुमारी, आर्यन कुमार एवं निहारिका कुमारी थे। वहीं कलम हाउस के कप्तान आशीष कुमार के साथ कुणाल, अभिषेक, उज्ज्वल, लक्की, सीता कुमारी, मुन्नी, निधि एवं प्रानवी श्रीवास्तव थे।

वही कबड्डी प्रतिस्पर्धा में टैगोर हाउस ने विवेका हाउस को हराकर विजेता बना उसके टैगोर हाउस के कप्तान चंदन कुमार, पीयूष, हर्ष, उज्ज्वल, लक्की, शिवम एवं प्रत्युष खेल रहे थे। उपविजेता विवेक का हाउस के कप्तान कुणाल कुमार के साथ आशीष, अंकित, अभिषेक, निलेश, अभिसंत एवं वंश कुमार टीम में थे। विजेताओं एवं उपविजेताओं रनर ट्रॉफी के साथ सर्टिफिकेट एवं मैडल मुख्य अतिथि कुमार गौरव सिन्हा के द्वारा प्रदान किया गया है। जूनियर संवर्ग में आयोजित पिक द बॉल प्रतियोगिता के राउंड वन में प्री नर्सरी से कशिश ने प्रथम स्थान, प्रिंस ने द्वितीय स्थान एवं अनुष्का ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। राउंड 2 में प्री नर्सरी से दिव्या ने प्रथम स्थान, नर्सरी से निल्य ने द्वितीय स्थान एवं विनायक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। राउंड 3 में नर्सरी से सृष्टि कुमारी एवं कार्तिक कुमार ने प्रथम स्थान, सक्षम कुमार एवं खुशी कुमारी ने द्वितीय एवं हिमांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्नेक एंड लैडर प्रतिस्पर्धा में जूनियर केजी से वैभव ने प्रथम स्थान, ऋषभ ने द्वितीय एवं देवेश कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

# नगर निगम: अभियान का हुआ शुभारंभ अब 24 घंटे होगी शहर की साफ-सफाई

प्रातः किरण संवाददाता

गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम के द्वारा साफ सुथरा हो ह्यगयाह्न अभियान का शुभारंभ निगम कार्यालय के प्रांगण में किया गया है।इस मौके पर मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी, नगर आयुक्त कुमार अनुराग, स्टैंडिंग कमेटी के मेंबर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद नैयर अहमद, अशोक बरनवाल, कुंदन कुमार, विनोद यादव, दीपक चंद्रवंशी, पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र वर्मा सहित कई लोग शामिल हुए हैं।उस दौरान निगमकर्मियों के बीच ट्रेक सूट, यूनीफॉम और शॉल देकर भी सम्मानित किया गया है।इस मौके पर मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान ने कहा कि आज से साफ सुथरा हो ह्यगयाह्न अभियान का शुभारंभ किया गया है, इसके तहत अब 24 घंटे शहर की साफ सफाई की जाएगी।सड़कों पर झाड़ू लगेगा. यदि किसी व्यक्ति के द्वारा कहीं गंदगी होने की सूचना दी जाती है तो 30 मिनट के अंदर उक्त स्थल पर सफाई कर्मियों को भेजकर सफाई कराई जाएगी. इसके अलावा शहर के विभिन्न सरोवरों और घाटों को भी विशेष रूप से साफ सफाई की जाएगी। गयाजी एक धार्मिक और पर्यटन स्थल है, इसे देखते हुए हमलोगों ने निर्णय लिया है की व्यापक रूप से साफ सफाई की जाएगी. जिस तरह से विगत दो वर्षों से गया सफाई के मामले में नंबर वन आ रहा है, हमारा प्रयास होगा कि आने वाले समय भी भी गया जिला सफाई के मामले में नंबर वन हो। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गया को स्वच्छता के क्षेत्र में आदर्श शहर बनाना है। स्थाई समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि इस अभियान के तहत शहर में विशेष साफ सफाई की जाएगी. व्यापक रूप से कूड़े का उठाव किया जाएगा।आधुनिक




उपकरणों और तकनीक के माध्यम से सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाया जाएगा।हम नागरिकों से अपील करते है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें,आपकी भागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा।नागरिक जागरूकता और जन भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता साथी नियुक्त किए जाएंगे। ये साथी स्वच्छता अभियान को मजबूत करेंगे और नागरिकों को जागरूक करने का कार्य करेंगे।

इसके अलावा शिकायतों और सुझावों को दर्ज करने के लिए 24७7 हेल्पलाइन नंबर +91 84094 61488 शुरू किया गया है। यह सेवा नागरिकों की समस्याओं को तुरंत हल करने में सहायक होगी।नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने कहा गया नगर निगम हमेशा से स्वच्छता और नागरिक सेवाओं के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि गया को एक स्वच्छ, सुंदर और आदर्श शहर के रूप में विकसित किया जाए। इस उद्देश्य को साकार करने के लिए निगम ने पहले भी कई प्रयास किए हैं और अब ह्लसाफ-सुथरा हो ह्यगयाह्नह्व अभियान के तहत इसे और सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। इस उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता से जुड़े कई महत्वपूर्ण कदमों की शुरूआत की गई है। निगम का प्रयास हमेशा से स्वच्छता को प्राथमिकता देना रहा है। अब, इस नई पहल के तहत, गया को स्वच्छता के मामले में एक नई ऊंचाई पर ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही पूरे सफाई कार्य को गया नगर निगम स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से डिजिटल रूप से मॉनिटर किया जाता है, जिससे सफाई व्यवस्था की पारदर्शिता और कार्यक्षमता बढ़ती है। रात्रि पाली में सफाई व्यवस्था शुरू होगी, सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अब रात्रि पाली में भी सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। शहर की सभी प्रमुख सड़कों पर स्वचालित स्वीपर मशीनों के माध्यम से सफाई की जाएगी।

# पटना के अलाय फातिमा हाई कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शपथ समारोह आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। पारस एचएमआरआई अस्पताल परिसर में स्थित अलाय फातिमा हई कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने बीएससी नर्सिंग (2024-2025) के दूसरे बैच के लिए एक शानदार दीप प्रज्वलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 60 छात्राओं ने दीप प्रज्वलित किए और नर्सिंग के महान सफर पर चलने की शपथ ली।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार नर्स पंजीकरण परिषद, पटना, बिहार की रजिस्ट्रार श्रीमती निर्जला कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभा को संबोधित करते हुए, श्रीमती कुमारी ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ के रूप में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नर्सिंग पेशे में नवाचार लाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की तथा विद्यार्थियों को इस प्रतिष्ठित क्षेत्र में प्रवेश के लिए बधाई दी।

मुख्य अतिथि, पारस एचएमआरआई अस्पताल के मालिक और हाई फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अहमद अब्दुल हई ने छात्रों को अपना आशीर्वाद देते हुए एक प्रेरक भाषण दिया। डॉ. हई ने नर्सिंग के क्षेत्र में समर्पण और करुणा के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को व्यावसायिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति से और भी अधिक समृद्ध हुआ, जिनमें डॉ. मोहामिद अब्दुल हई, श्री मोहम्मद कसीम रजा, श्रीमती अमीना एजाज जमील और श्री आकाश सिन्हा, प्रिंसिपल प्रो. दामोदरन केपी और वाइस प्रिंसिपल प्रो. अब्दुल रहमान मचिंगल आदि शामिल थे, जिन्होंने छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दीं। यह समारोह एक यादगार अवसर था, जो छात्रों की सेवा के प्रति प्रतिबद्धता और स्वास्थ्य सेवा पेशे में उनके प्रवेश का प्रतीक था। अलाय फातिमा हई कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रबंधन और संकाय ने अपने छात्रों को यह महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाते हुए देखकर गर्व और खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और उपस्थित लोगों के बीच उद्देश्य की नई भावना के साथ हुआ, जिसने कल की भावी नर्सों के लिए एक आशाजनक अध्याय की शुरूआत की।

# जुन सुराज की जन संघर्ष यात्रा पहुंची गया

प्रातः किरण संवाददाता

गया।जन सुराज के प्रदेश युवा अध्यक्ष आनंद मिश्रा के नेतृत्व में चल रही युवा संघर्ष यात्रा का छठा दिन है। इस यात्रा के तहत आनंद मिश्रा और उनकी टीम पूरे बिहार में 20,000 किलोमीटर की बाइक रैली कर रहे हैं। 100 बाइकर्स के काफिले के साथ निकली इस यात्रा का उद्देश्य जन सुराज की जमीनी पकड़ को और मजबूत करना तथा पार्टी उम्मीदवारों को जनता का समर्थन परखना है।

गया में मीडिया से बातचीत के दौरान आनंद मिश्रा ने अब तक की यात्रा को बेहद उत्साहजनक बताया। उन्होंने कहा, कई जगह हम जाम में घंटों जाम फंसे हैं,



यह जन सुराज की लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना और एक बेहतर राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत करना है। इस अभियान को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## सोमवार को तरवां बाजार से निकली बाइक यात्रा

सोमवार को जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष आनंद मिश्रा 100 बाइक के काफिले के साथ वजीरगंज के तरवां बाजार, बलुआही मोड़ से निकले हैं। उसके बाद वे फतेहपुर मार्केट होते हुए पहाड़पुर चौक, मोहनपुर बस स्टैंड चौक, बाराचट्टी मार्केट होते हुए डोभी मोड़ बाजार, दोमुहानी मोड़, खिरियामा गया-बोधगया मार्ग होते हुए केंदुई बोधगया पहुंचे।

केंदुई के आस्था इन में रात्रि विश्राम किया है। बता दें कि जगह-जगह पर जन सुराज के कार्यकताओं और वरिष्ठ नेताओं ने इनका स्वागत फूल माला से किया है। वहीं आनंद मिश्रा ने कई जगहों पर रुककर जनता को संबोधित भी किया है।इस मौके पर जन सुराज के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बी डी शर्मा उपिस्थति थे।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यालय में धूमधाम से झंडारोहण समारोह आयोजित किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

गया।गणतंत्र दिवस के अवसर पर नूतन नगर स्थित राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यालय में धूमधाम से झंडारोहण समारोह आयोजित किया गया है। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसकार्यक्रम में वार्ड पार्षद सारिका देवी, भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद, और अधिवक्ता संतोष ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।इस कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान से हुआ, जिसके बाद वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए



हैं। राणा रणजीत सिंह ने कहा कि यह दिन हमें संविधान और लोकतंत्र की मयार्दा बनाए रखने की प्रेरणा देता है। सारिका देवी ने समाज में समानता और मानवाधिकारों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने देश के विकास में नागरिकों की भागीदारी की बात कही, जबकि संतोष ठाकुर ने संविधान की रक्षा के लिए युवाओं को प्रेरित किया है।

इस अवसर पर संगठन के अन्य सदस्यों और स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया है। सभी ने देशभक्ति गीत गाए और भारत के वीर शहीदों को नमन किया है। इस कार्यक्रम का समापन मिठाइयों के वितरण और राष्ट्रीय एकता के संकल्प के साथ हुआ है। आज के कार्यक्रम में कुंदन सिंह बबलू गुप्ता संजय यादव रोहित कुमार मुस्कान कुमारी आदि लोगों उपस्थित हुए हैं

# अति पिछड़ा समाज की महिलाओं को आज तक सिर्फ वोट बैंक के रूप में सभी दलों ने इस्तेमाल किया:चंद्रवंशी

प्रातः किरण संवाददाता

आम जनता पार्टी राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्यापति चंद्रवंशी का अति पिछड़ा माता बहन संवाद यात्रा के तहत अरवल जिले के वंशी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहरपुरा मे एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर चंद्रवंशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अति पिछड़ा समाज की महिलाओं को आज तक सिर्फ वोट बैंक के रूप में सभी दलों ने इस्तेमाल किया है अति पिछड़ा माता बहन संवाद यात्रा रथ समाज की बहनों को और बताओ को प्रेरित करेगी की अपने अधिकार को संघर्ष करके प्राप्त करना है सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे मिले इस पर भी उन्होंने जिला अध्यक्ष को इन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अति पिछड़ा माता बहन के संपर्क में रहने को कहा और अति पिछड़ा समाज के माता बहनों से अपील किया और कहा कि आम जनता पार्टी राष्ट्रीय अति पिछड़ा समाज के माता बहनों को भी इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए जिला अध्यक्ष से संपर्क में रहना है। इस मौके पर पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवि वात्सायन ने कहा कि आगामी 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में अति पिछड़ा समाज को एकजुट होकर आम जनता पार्टी राष्ट्रीय के प्रत्याशी को वोट करना है । इस मौके पर पार्टी के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद परवेज खा राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुदर्शन सिंह राष्ट्रीय सचिव राम किशोर सिंह प्रभारी बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश ठाकुर कार्यकारी बिहार प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मानंद प्रसाद चंद्रवंशी बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश्वर प्रसाद बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर हरे राम प्रसाद चंद्रवंशी बिहार प्रदेश महासचिव मधु बाला देवी बिहार प्रदेश सचिव राजकुमार चंद्रवंशी बिहार प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा कुमारी बिहार प्रदेश संगठन मंत्री राकेश कुमार रोशन आदि थे।

## गया कॉलेज में प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण किया



गया।गया महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में 76 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वजारोहण किया गया मौके पर भारतीय संविधान का शपथ लिया गया , मौके पर समस्त महाविद्यालय के छात्र , शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको एवं राष्ट्रीय कैडेट के द्वारा मार्च पास्ट किया गया है। इस मौके पर महाविद्यालय के बरसर डॉ आदर्श गुप्ता, डॉ अरुण गर्ग , डॉ हर्षवर्धन सिंह चौहान ,डॉ सुनील कुमार, डॉ रामदेव पासवान ,सोनू अन्नपूर्णा , डॉ धर्मेंद्र ,डॉ अमित कुमार ,डॉ अमरीश नारायण, शिक्षा विभाग डॉ धीरज,शिक्षकेतर संघ के महासचिव संतोष कुमार सिंह ,अध्यक्ष मनीष प्रताप सिंह ,सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस पर बीएफसी के युवाओं ने 2 - 1 गोल से जीत हासिल की

गया।राष्ट्रगान के साथ खेले गए एक शानदार मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच को आज यादगार बना दिया गया है, यह फुटबॉल खेल आनंदा एफसी गया बनाम बीएफसी क्लब के प्रति दीवानगी बढ़ाने वाला था, पांच साल के अंतराल के बाद इस फुटबॉल खेल का मैदान दर्शकों से भरा हुआ था, जिन्होंने इस पवित्र अवसर पर वास्तव में आनंद लिया है। आईटीआई पॉलिटेक्निक मैदान गया में गणतंत्र दिवस पर बीएफसी के युवाओं ने 2 - 1 गोल से जीत हासिल की, वॉलीबॉल मैच भी खेला विजेता, धावक ट्रॉफी, पदक के साथ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया गया है, आयोजन पूर्व आईबी सहायक निदेशक ने किया राकेश सिन्हा, उनके समर्पित सदस्य टीम के वॉलीबॉल कोच राजेंद्र, शारीरिक शिक्षा शिक्षक विवेकानंद, बिनय श्रीवास्तव फुटबॉल डेवलपर पूर्व वरिष्ठ फुटबॉलर नंदू करण, और बीएफए गया के रिफ्री अजीत सिंह, रवि, बिनय रजक उपस्थित थे, एक सामाजिक एनजीओ बोधिसत्व फाउंडेशन ने बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है ।आनंदा फुटबॉल क्लब के सभी सदस्यों को कड़ी मेहनत के साथ संगठित होकर भविष्य में गोलपोस्ट बहाल करने के लिए बहुत जल्द यहां एक टूनार्मेंट भी आयोजित किया जा रहा है।

## अनीश पंकज विधि महाविद्यालय में सचिव कला देवी के द्वारा झंडा तोलन किया गया

गया।गणतंत्र दिवस पर के अवसर पर अनीश पंकज विधि महाविद्यालय गया मैं 76बी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में महाविद्यालय के सचिव कला देवी के द्वारा झंडा तोलन किया गया इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के तस्वीर पर माला पुष्प चढ़कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया इस अवसर पर भारत के आजादी में प्राण की आहुति देने वाले को नमन करते हुए कहा कर हमारे संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता, और न्याय जैसे अधिकार दिए हैं। यह केवल एक पुस्तक नहीं है, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। आज हम उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं, जिनकी कुर्बानियों ने हमें यह दिन देखने का सौभाग्य दिया है।लेकिन साथ ही, यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों का सम्मान करें और अपने कर्तव्यों को निभाएँ। देश का भविष्य आप सभी युवा पीढ़ी के हाथों में है। आपके छोटे-छोटे प्रयास भी देश को नई ऊँचाइयों पर ले जा सकते हैं।आज के इस दिन, हम शपथ लें कि अपने देश को और भी प्रगति की ओर ले जाएँगे और इसे एक ऐसा गणराज्य बनाएँगे, जिस पर हर भारतीय को गर्व हो।आप सभी का यहाँ उपस्थित होना इस बात का प्रमाण है कि हम सब अपने देश के प्रति प्रेम और कर्तव्य से जुड़े हुए हैं।एक बार फिर, आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के परिवार उपस्थित हुए हैं।

## प्रमुख उधोगपति ने अनिल अंबानी ने अपने पूर्वजों के पिंडदान की प्रक्रिया पूरी की

गया।भारत के प्रमुख उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी पत्नी टीना अंबानी की आज गया पहुंचे हैं। दोनों दंपती ने सबसे पहले विष्णुपद मन्दिर फिर मंगलागौरी मन्दिर और फिर बोधगया महाबोधि मंदिर में दर्शन किए हैं। बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन किए और विशेष पूजा अर्चना की है। वहीं, गया के विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में उन्होंने अपने पूर्वजों के पिंडदान की प्रक्रिया पूरी की है।पिंडदान के दौरान पूजा की पूरी व्यवस्था पूर्व से की गई थी और उन्हें तीर्थ पुरोहित शंभू लाल विट्ठल ने पिंडदान कराया है। इसके अलावा, अंबानी दंपती ने मंगला गौरी मंदिर में भी पूजा की और सुख-समृद्धि की कामना की है। अंबानी दंपती का यहां दर्शन करने का यह एक और आध्यात्मिक कदम था। बोधगया, विष्णुपद मंदिर और मंगला गौरी मंदिर में पुलिस बल की तैनाती की गई थी और हर जगह विशेष निगरानी रखी गई थी।

## बुद्धा इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया : संस्थापक

गया।बुद्धा इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बुद्धा इंस्टिट्यूट के संस्थापक अरविन्द कुमार सिंह सहायक प्रचार सिद्धार्थ कुमार एवं प्रियांशु उपस्थित थे। बुद्धा इंस्टिट्यूट के संस्थापक अरविन्द कुमार सिंह के द्वारा झंडा तोलन हुआ झंडा तोलन के बाद नर्सिंग छात्रों को संविधान के बारे में बताते हुए कहा की संविधान हमें समानता न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है हम सभी को संविधान का पालन करना चाहिए और अपने देश को बनाने में योगदान देना चाहिए हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानीयों ने अपने जान की बाजी लगाकर हमें आजादी दिलाई और उस बलिदान को हमें कभी भूलना नहीं चाहिए।हमें गरीबी,बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से लड़ना चाहिए जो सिर्फ शिक्षा के द्वारा ही हो सकता है गणतंत्र दिवस के अवसर पर संस्थान के नन टीचिंग स्टाफ अजित सिंह,राजू कुमार, राधा देवी और सोहन यादव उपस्थित थे।

## अर्श सुपर स्पेशलियटी हॉस्पिटल में चेयरमैन डॉ नवनीत निश्चल ने किया झंडातोलन

गया।76 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर गया शहर के चर्चित हड्डी हॉस्पिटल सह अर्श सुपर स्पेशलियटी हॉस्पिटल में झंडोत्तोलन किया गया है। गणतंत्र दिवस के मौके पर गया शहर के चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ सह अर्श सुपर स्पेशलियटी हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉ नवनीत निश्चल के के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया है। इस मौके पर अर्श सुपर स्पेशलियट हॉस्पिटल के निदेशक ड़ॉ कविता निश्चल, जेरनल फिजिशियन गुंजन कुमार,डॉ विकाश सिंह, ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अबू हुरैरा, व हॉस्पिटल के सभी स्टाफ सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए हैं। इस मौके पर अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ नवनीत निचश्चल ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि मानव की सेवा करना ही सबसे बड़ी धर्म है और हम सब अपने कर्तव्य को पूरी ईमानदारी के साथ इसका निर्वहन करेंगे, वंही उन्होंने कहा कि मगध के तमाम लोगों से अपील करते है कि हमारे हॉस्पिटल के द्वारा चलाये जा रहा हेल्थकेयर का लाभ ले और अपने तथा अपने परिवार की हेल्थ की सुरक्षा करें। वही इस मौके पर ड़ॉ गुंजन कुमार ने 76 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सभी कर्मचारीयो सहित पूरे देशवासियों को शुभकामनाएं दिया है।

## वृद्ध आश्रम में झंडा फहराया गया

गया।क्राइम इन्वेस्टीगेशन एजेंसी सीआईए द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम कोच गया बिहार में 26 जनवरी 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है।इस मौके पर समस्त वृद्ध जन वृद्ध आश्रम के समस्त स्टाफ एवं वृद्धाश्रम के मकान मालिक समाजसेवी श्रवण शांडिल्य उपस्थित रहे थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय परिसर में किया गया ध्वजारोहण

गया।76 वें गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय परिसर, गया में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक द्वारा ध्वजारोहण किया गया है। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश सुनील कुमार बर्मा, एडीजे प्रथम नलिन कुमार पांडेय, एडीजे राजकुमार राजपूत एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव अरविंद कुमार दास के अलावे सभी न्यायिक पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम न्यायिक व्यवस्था से जुड़े हुए है सत्यमेव जयते हमारा सिद्वांत है।

# शांति निकेतन एकेडमी की संस्थापिका ने गणतंत्र दिवस पर ने किया झंडोतोलन

प्रातः किरण संवाददाता

गया।शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक शांति निकेतन एकेडमी में 76 वें गणतंत्र दिवस बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है । गणतंत्र दिवस के मौके पर गोविंदपुरम, रौना चाकंद स्थित शांति निकेतन एकेडमी एवं गया शहर के कटारी हिल रोड स्थित शाखा में विद्यालय के संस्थापिका शांति देवी ने झंडातोलन किया है। झंडातोलन के मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा एक से एक बढकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया है। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक अध्यक्षा शांति देवी का स्वागत विद्यालय के बच्चों द्वारा पुष्पं कुछ एवं अंग वस्त्र देकर किया गया है ।इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के मौके पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढकर नृत्य- संगीत प्रस्तुत



किया, क्रिकेट वर्ल्ड कप का अभिनय से गोविन्द बिट्टल, आयुष कुमार, जैद खान , जुहैब अखतर एवं जन गन मन से अंशिका पाण्डेय , कहकशा परवीन, गार्गी, पायल प्रिया , कल्की से नितेश, अर्जित , दृश्या , कॉलेज लाइफ से अनुष्का चंद्रा, वैष्णवी , साक्षी, अर्नव, सजना वे सजना से प्राची , कृतिका , शिवानी एवं इंडिया वाले से आदित्य ने आर्कषक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। जिसे देख दर्शक दीघा में बैठे अभिभवक एवं अतिथियों ने खूब सराहा है ।इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने विद्यालन परिवार के सभी सदस्यों सहित गया जिले वासियों एवं देशवासियों को 76 वीं गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दिया और उन्होंने कहा कि आज हमारा देश में अपना संविधान बने हुए 75 वर्ष हो गए इसके उपलक्ष्य में पूरा देश 76 वां गणतंत्र दिवस बडे ही उल्लास के साथ मना रही है ।इस मौके पर गया के प्रसिद्ध चिकित्सक डाक्टर नीरज कुमार डॉक्टर रिषिकेश कुमार, कमलेश कुमार वरिष्ठ अधिवक्ता, डाक्टर क्रांति किशोर, डॉक्टर संजीव कुमार कमलेश कुमार, सीनेट सदस्य प्रोफेसर रूपेश कुमार, रामगोविंद शर्मा मेमोरियल कालेज के प्राचार्य कुश कुमार , लव कुमार सहित शहर के प्रबुद्ध एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए हैं।

## स्वामी विवेकानंद का प्रतिमा लगाने को ले प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन:अमर कृति

अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अमर कृति नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी मंत्री हरि साहनी को अरवल जिला मुख्यालय में स्वामी विवेकानंद जी का प्रतिमा लगाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे जिला संयोजक अमर कृति ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा अरवल जिले में सार्वजनिक स्थान पर कही नहीं है,ये अरवल के युवाओं के लिए दुर्भाग्य है, स्वामी विवेकानंद ने भारत देश के सामाजिक सौहार्द, संस्कृति की वैभव परंपरा को बनाए रखने के लिए ताउम्र प्रयासरत रहे. स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने से समाज में राष्ट्रीयता, एकता, और स्वावलंबन की भावना बढ़ेगी. प्रांत सह संयोजक विकाश कुमार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद का सम्पूर्ण जीवन एवं व्यक्तित्व हम सब के लिए प्रेरणादायी है.

# आईआईएम बोधगया द्वारा किया गया तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक और खेल उत्सव का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया।आईआईएम बोधगया ने किया अपने वार्षिक सांस्कृतिक एवं स्पोट्र्स फेस्ट - एलिगांते 8.0 का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में एनएसआईटी पटना, आईएमआई कोलकाता, सेंट जेवियर्स पटना और आईआईएम रांची जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्र शामिल रहे हैं।इस वर्ष का विषय ह्लअभ्युदयह्व अर्थात प्रगति रहा, जो संस्थान की विकासशील सोच को रेखांकित करता है।उत्सव की शुरूआत आईआईएम बोधगया निदेशक डॉ. विनीता एस. सहाय और म मुख्य अतिथि, आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी, गया आनंद कुमार, की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह के साथ हुई है। अपने संबोधन के दौरान, मुख्य अतिथि ने संस्थान के मूल मूल्य, माइंडफुलनेस और जीवन के सभी पहलुओं में इसके महत्व पर जोर दिया है।स्टूडेंट अफेयर्स चेयरपर्सन डॉ. श्रीलेखा मिश्रा ने स्वागत भाषण देते हुए, उत्सव के आयोजन में उनके प्रयासों के लिए छात्रों, समितियों और क्लबों को धन्यवाद दिया है। समारोह में भाग लेने वाली खेल टीमों का परिचय कराते हुए आधिकारिक तौर पर उत्सव के उद्घाटन की घोषणा हुई है।वार्षिक फेस्ट के पहले दिन में प्रमुख संस्थानों की भागीदारी के साथ खेल कार्यक्रम कराया गया है जिसमे आईआईएम रांची से 50, सेंट जेवियर्स पटना से 70, एनआईटी पटना से 70, आईएमआई कोलकाता से 30, और एनएसआईटी पटना से क्रमशः 20 प्रतभागि शामिल रहे । इसके अलावा, उस दिन एक ऑनलाइन गेमिंग प्रतियोगिता, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का अनुकरण के साथ ही पौटरी एवं पेंटिंग जैसी रचनात्मक कार्यशालाएँ भी शामिल रही है। शाम का समापन प्रतिभागियों की विविध प्रतिभाओं को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ है।इस कार्यक्रम अगले दिन खेल प्रतियोगिताओं, क्विज़िला, पॉलिसी केस प्रतियोगिताओं और पेंटिंग प्रतियोगिता जैसे आयोजनों के साथ जारी रहा है। इस दिन में नव्यता फैशन शो भी आयोजित कराया गया, जिसमें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी (आईडीटी), मुजफ्फरपुर, एनएसआईटी पटना और आईआईएम बोध गया से भागीदारी देखी गई है। शाम में एकल गायन के प्रदर्शन के बाद आईआईएम बोध गाया के आधिकारिक संगीत बैंड, द स्टोरी टेलर्स द्वारा प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद दिन का समापन बैंड अजादी द्वारा एक लाइव संगीत प्रदर्शन के साथ हुआ है ।गणतंत्र दिवस समारोह के साथ शुरू हुआ समारोह का आखरी दिन, जिसमें आईआईएम निदेशक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने के बाद उपस्थित सभी द्वारा राष्ट्रगान गाया गया है। आईआईएम बोधगया की सीएसआर समिति ने, ग्रामीण शिक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी के लिए सुलभ शिक्षा को बढ़ावा देने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालने के उद्देश्य से इस दिन एक दौड़, एड्युरन का आयोजन किया गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# अनुमंडल क्षेत्र में सादगी व हर्षोल्लास के साथ मना 76 वां गणतंत्र दिवस

## अनुमंडल पदाधिकारी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, मार्च पास्ट की ली सलामी

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) : बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । अनुमंडल मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी व गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में आन-बान और शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया । अनुमंडल का मुख्य समारोह स्थानीय शहर के इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय स्टेडियम में संपन्न हुआ । यहां आयोजित मुख्य समारोह में एसडीएम अनिल बसाक एवं डीएसपी कुमार संजय ने संयुक्त रूप से मार्च पास्ट की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया । तत्पश्चात एसडीएम अनिल बसाक ने झंडातोलन किया । उसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का आगाज शुरू हुआ । कार्यक्रम दौरान उन्होंने अनुमंडल सहित प्रदेशवासियों को 76 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी का पर्व हम सभी भारतीयों के लिए एक विशेष महत्व रखता है । आजादी की लड़ाई में शहादत देने, यातनाएं सहने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के इस योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता । एसडीएम ने वर्तमान पीढ़ी से देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखने का आह्वान किया । मौके पर स्थानीय पुलिस बल, एनसीसी के जवान सहित स्कूली छात्र-छात्राओं आदि ने मार्च पास्ट किया । उसके उपरांत अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीएम अनिल बसाक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में डीएसपी कुमार संजय, बिक्रमगंज थाना में थानाध्यक्ष ललन कुमार, इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह, डॉ नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्रा, डीएवी पब्लिक स्कूल तेंदुनी चौक बिक्रमगंज आरा रोड में प्राचार्या कुमारी प्रिया, एसबीडी पब्लिक स्कूल में निदेशक डॉ अरुण कुमार, संत एसएन ग्लोबल स्कूल में निदेशक प्रकाश आनंद, प्रज्ञा पुंज पब्लिक स्कूल आरा रोड में निदेशक अभिजीत आनंद, प्राथमिक विद्यालय सोनी मठिया में प्रधानाध्यापक यूसुफ अफरीदी, हिमालया किड्जी स्कूल अदमापुर सासाराम में प्राचार्या रमा राय, वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारुपुर में प्राचार्य डॉ सुरेंद्र कुमार सिंह, वीर कुंवर राज बहादुर सिंह महाविद्यालय धारुपुर में प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह, डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल में निदेशक चंदेश्वर भारती अजेय, विश्वम्भर मध्य विद्यालय धारुपुर में प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश, साई बीएड कॉलेज शिवपुर बिक्रमगंज में निदेशक धनंजय सिंह, आयांश इंटरनेशनल स्कूल मठिया बिक्रमगंज में निदेशक आशुतोष सिंह, एजुकेशन लाइट पब्लिक स्कूल मोहनी में डॉ नागेंद्र झा महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्रा तो वहीं दूसरी ओर काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत काराकाट पंचायत सरकार भवन पर काराकाट मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सोनवर्षा पंचायत सरकार भवन पर मुखिया राजीव रंजन सिंह, मध्य विद्यालय अमौना में एचएम सुशील कुमार गुप्ता, मध्य विद्यालय बेनसागर में एचएम राजनाथ राम, राजकीय मध्य विद्यालय काराकाट में प्रधानाध्यापक नागेंद्र कुमार सिंह, पीपीएस स्कूल काराकाट में निदेशक अखिलेश तिवारी, शिशु शिक्षा मंदिर काराकाट में निदेशक सुरेश तिवारी, शिशु शिक्षा मंदिर सखवां में प्राचार्य अमित शेखर, एपीएस स्कूल बुढ़वल में निदेशक अविनाश कुमार सिंह, उच्च माध्यमिक विद्यालय बुढ़वल में प्राचार्य जितेंद्र पांडेय, काराकाट थाना परिसर में थानाध्यक्ष फहराया झंडा।

# जिलाधिकारी ने फरवरी में होने वाली इंटर परीक्षा को लेकर की समीक्षात्मक बैठक

■ 01 फरवरी से 15 फरवरी तक संचालित होगी परीक्षा और बनाये गये 32 केन्द्र

प्रातः किरण संवाददाता



जमुई । जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार 27 जनवरी को इंटर की परीक्षा को लेकर समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में शिक्षा विभाग के साथ बैठक आयोजित की गई ' जिसमें शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक उपस्थित रहे ।

बैठक के क्रम में जिलाधिकारी महोदया ने बताया कि जिले में इंटर की परीक्षा 1 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा ' इंटर की परीक्षा को लेकर जिले में कुल 32 केंद्र बनाये गये हैं, जिसमें मजिस्ट्रेट लगाये गए हैं और साथ ही साथ सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी का इंतजाम कराये गये है ' जिलाधिकारी महोदया ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो, निर्देशित किया। बता दें कि परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर शुरू हो रही है, जो 12.45 मिनट पर खत्म होगी।

वहीं दुसरी पाली 2.00 बजे शुरू होकर 5 बजे तक चलेगी. सभी विधार्थियों को 8:30 बजे तक रिपोर्ट करने को कहा गया. इस परीक्षा के लिए सीसीटीवी केमरा को भी लगाया है और हर सेंटर पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई ।

जिलाधिकारी महोदया ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्र पर कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल को लगाया गया है । कहीं से भी किसी प्रकार की सूचना या उपद्रव होता है तो उस पर नजर बनाये रखने का पूरा प्रयास किया जाएगा 'कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए सभी तैयारियां कर ली गई है. इसे लेकर सभी केंद्रों पर मजिस्ट्रेट लगाये गए हैं ' मौके पर पुलिस बल को भी तैनात किया गया है. सीसीटीवी की मदद से पूरी निगरानी की जाएगी '

# प्रशासन और मीडिया के बीच रोमांचक क्रिकेट मैच का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। अनुमंडल मुख्यालय स्थित एसबीजेस खेल मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को फैंसी क्रिकेट मैच अनुमंडल प्रशासन के तत्वावधान में प्रशासन बनाम पत्रकार के बीच निर्धारित 16 ओवर का मैच खेला गया। प्रशासन की तरफ से कप्तानी का दायित्व डीएसपी अविनाश कुमार और पत्रकार की ओर से विनोद विनीत कर रहे थे। मैच देखने के लिए काफी संख्या में दर्शक पहुंचे थे। टॉस पत्रकार के कप्तान विनोद विनीत ने जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। पत्रकार ने निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 146 रन बनाए, जिसमे मंटू कुमार ने शानदार तीन छक्के और 4 चौके की मदद से 36 रन विक्रम कुमार ने 2 छक्के की मदद से 16 रन जबकि पत्रकार के अन्य खिलाड़ियों टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रशासन टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए डीएसपी अविनाश कुमार ने दो, बिजली विभाग के एसडीओ विजय कुमार ने दो

जबकि आर्यन कुमार और पप्पू कुमार ने एक एक विकेट हासिल किया। जवाब प्रशासन ओर से बल्लेबाजी करने उतरे डीएसपी अविनाश कुमार के शानदार 8 चौके और एक छक्के की मदद से 40 रन, पप्पू कुमार तीन चौके की मदद से 12 रन, आर्यन कुमार के चार चौके की मदद से 20 व विजय कुमार 12 रन की महत्वपूर्ण योगदान निभाया। वही प्रशासन टीम को अंतिम ओवर में पांच रन को दरकार थी। जहां अंतिम ओवर कौनैन बशीर डाल रहे थे। अंतिम ओवर के अंतिम बोल पर चौका लगाकर प्रशासन की टीम ने एक विकेट से मैच जीत लिया। मैच के दौरान निर्णायक की भूमिका में नीतीश शर्मा व दुर्गा कुमार उद्घोषक के रूप में जफरुल वही विकास कुमार वही क्रिकेट मैच के समापन समारोह के दौरान डीएसपी अविनाश कुमार ने दिनों टीमों के सभी खिलाड़ियों मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अविनाश कुमार, विजय कुमार, स्नेह सेतु, अमित रंजन, आर्यन कुमार, सागर कुमार, पप्पू कुमार, रजनीश कुमार, बलराम, राजीव रंजन, मंटू कुमार, विनोद विनीत, रणधीर कुमार, कौनैन बशीर, रजनीकांत ठाकुर, गौरव ठाकुर, नितीश राणा, मिट्ठू कुमार, विकास कुमार, विक्रम कुमार, मंटू कुमार, दिलीप कुमार, आजम खान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# 76 वें गणतंत्र दिवस पर शान से फहराया गया तिरंगा

प्रातः किरण संवाददाता



पालीगंज / बिक्रम / बिहटा । गोपाल विद्यार्थी 76 वें गणतंत्र दिवस पर पटना समेत देश भर में जश्न का माहौल रहा, चहुंओर धूम धाम से राष्ट्रीय पर्व को मनाया गया । कहीं नेता, कहीं अधिकारी तो कहीं निजी संस्थानों के प्रमुखों ने झंडोत्तोलन किया ` कई जगहों पर मनमोहक झांकियां की प्रस्तुति दी गई तो कई जगहों पर संस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई रविवार के अहले सुबह से ही चहुंओर देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई देने लगी पूरे दिन विभिन्न जगहों पर देशभक्ति की मिशाल पेश किया गया` सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों तथा संगठनों द्वारा झंडोत्तोलन किया गया` मौके पर पालीगंज एसडीएम अमन प्रीत सिंह ने अनुमंडल आवास एवं कार्यालय पर झंडोत्तोलन किया` वहीं उन्होंने देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की व लोगों को इस दिवस के महत्त्व को समझाया` वहीं अनुमंडल पुलिस कार्यालय में प्रीतम कुमार, प्रखंड कार्यालय में बीडीओ व नगर पंचायत में अध्यक्ष ने झंडोत्तोलन किया, एसडी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य शैलेश कुमार ने झंडोत्तोलन किया, मौके पर बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी` वहीं बिक्रम शहीद स्मारक पर अरूण सिह , अवर निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्रार नवीन कुमार, नगर पंचायत में अध्यक्ष सरिता देवी, प्रखंड प्रमुख राम ईश्वर पासवान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश कुमार, अनुमंडल पुलिस कार्यालय में उमेशश्वर चौधरी, अंचल पुलिस कार्यालय में पुलिस निरीक्षक चन्द्रिका प्रसाद, थाना परिसर में थानाध्यक्ष विनोद कुमार, गांधी आश्रम में अंचलाधिकारी स्वयं प्रभा, महंत मधुसूदन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अधवेश कुमार यादव , पार्वती उच्च विद्यालय में प्राचार्य डॉ मनोज कुमार सिह, मदनधारी बालिका उच्च विद्यालय में राकेश रंजन, आरपी कॉलेज में प्राचार्या डॉ सपना कुमारी, एसआर पब्लिक स्कूल में निदेशक विनय कुमार उर्फ गुड्डू सिंह, स्वास्तिक इंटरनेशनल स्कूल में वरिष्ठ बस चालक मुकेश कुमार, अख्तियारपुर पंचायत भवन में मुखिया रीता देवी, नगहर पंचायत के मुखिया अजित कुमार, न्यु एरा पब्लिक स्कूल में निदेशक डॉ अरविंद कुमार, पाटलिपुत्र सेंट्रल स्कूल में प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, कुसुमराज मनीअम पब्लिक स्कूल में चेयरमैन डॉ अमरेंद्र कुमार ह्यअमरेश ह्य, ज्ञान भारती एजुकेशनल काम्प्लेक्स में उप प्राचार्य गौरव सिन्हा, ज्ञानोदय स्कूल में निदेशक मुन्ना सिह , ने झंडोत्तोलन किया। वहीं प्रोग्रेसिव के बच्चों ने स्थानीय शहीद स्मारक पर अमर शहीदो को श्रद्धा सुमन अर्पित किया व संस्कृतिक कार्यक्रम की

# गणतंत्र दिवस पर सूढी संघ ने उत्साहपूर्वक किया झंडोत्तोलन



प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर। सूढी संघ दानापुर ने बड़े ही उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस झंडोत्तोलन कर मनाया। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष अरविन्द बिहारी लाल और पदाधिकारियों ने मिलकर झंडोत्तोलन किया दानापुर सुढी संघ के महामंत्रि पवन कुमार ने अपने पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों के समक्ष आह्वान किया कि सभी लोग मिल जुलकर भवन के लिए जमीन लेने का पुरजोर प्रयास करेंगे इस मौके पर पुर्व अध्यक्ष विजय कुमार भोटी, राजेश कुमार राजू, सुजीत कुमार, राज कुमार जी, जितेन्द्र कुमार, मंटू जी, सुबोध जी, ओम प्रकाश दास जी, रवि जी, बिक्रम कुमार, अजीत बिहारी लाल, बिरेन बिहारी जी, मनोज बिहारी, अनिल बिहारी, रणबीर, श्याम प्रसाद जी, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, राजीव कुमार, निखिल कुमार, उदय कुमार जी, एवं सभी सदस्य उपस्थित थे

# स्वास्थ्यकर्मी सर्वजन दवा सेवन के लिए जनसमुदाय को कर रहे जागरूक

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया। हाथीपाँव (फाइलेरिया) से बचाव के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जनसमुदाय को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को बताया जा रहा है कि 10 फरवरी से डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोली आशा के सामने खिलाई जाएगी। उसे सभी स्वस्थ लोगों को खानी है। इस दवा का सेवन कर ही फाइलेरिया जैसे गंभीर रोग से बचा जा सकता है। आज पिपरासी प्रखंड की आशा मिंटू देवी द्वारा ग्राम घोरहवा के फटकी टोला में कम्युनिटी की बैठक की गई। इसमें आशा मिंटू देवी द्वारा लोगों को फाइलेरिया के लक्षणों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि हाथी पाँव अपने आप होने वाली बीमारी नहीं है, बल्कि यह क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला रोग है। आमतौर पर इसका लक्षण देर से पता चलता हैं।

**2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगियों को नहीं खानी है दवाः**

जिले के डीभीडीसीओ डॉ नवल किशोर प्रसाद ने बताया कि दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोग से पीड़ितों को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी।

इसके अलावा, यह दवा खाली पेट नहीं खाना है। दवा स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही खाना है। किसी-किसी व्यक्ति को मरते हुए परजीवी के प्रतिक्रिया स्वरूप कभी-कभी सर दर्द, शरीर में दर्द, बुखार, उल्टी, बदन पर चकत्ते जैसी मामूली प्रतिक्रिया देखने को मिलती है। इससे घबराना नहीं चाहिए, यह घंटे-दो घंटे में स्वतः ठीक हो जाता है। इस मौके पर आशा मिंटू देवी, मारकंडे दुबे व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

बिहारीगंज (मधेपुरा)। बिहारीगंज प्रखण्ड के कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में 76 वाँ गणतंत्र दिवस पूरे देश भक्ति भावना से मनाया गया। कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की मुख्य वार्डन पुष्पा मिश्रा ने यह जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि 76 वें गणतंत्र दिवस पर विद्यालय में सभी शिक्षिका, छात्राएँ, अभिभावक आदि उपस्थित थे।

# पंचायत में मुखिय ने किया झंडोत्तोलन



बेतिया।चनपटिया प्रखंड के बकुलहर पंचायत में मुखिया ऐश्वर्या देवी बैरिया प्रखंड के मनरेगा कार्यालय में पीओ देवकांत कुमार तुमकड़िया पंचायत में मुखिया शौकत अली ने मझौलिया प्रखंड के बहुअरवा पंचायत में मुखिया देवीलाल सहनी ने 26 जनवरी के अवसर पर तिरंगा फहराकर प्रखंड और पंचायत के लोगों को शुभकामनाएं दीं गईं।

# सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय ने गणतंत्र दिवस समारोहपूर्वक मनाया



प्रातः किरण संवाददाता

पटना । 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय, पटना के द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह घुड़दौड़ रोड आशियाना-दीघा पथ, पटना के परांगण में मनाया गया क नैयर हसनैन खान, भा.पु.से., महानिरीक्षक, सीमांत पटना के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवं राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गयी । इस अवसर पर महानिरीक्षक महोदय द्वारा महानिदेशक महोदय (सशस्त्र सीमा बल) का बल के नाम सन्देश को पढ़कर सुनाया गया एवं उनके द्वारा बताया गया कि गत वर्ष 2024 के दौरान सीमांत मुख्यालय पटना के अंतर्गत विभिन्न वाहिनियों ने 1828 आपराधिक मामले दर्ज किये जिसमे मादक पदार्थ में 9286 किलोग्राम गांजा, 44.6 किलोग्राम चरस, 7.69 किलोग्राम अफीम, 2.62 किलोग्राम ब्राउन सुगर, 144700 जाली भारतीय मुद्रा नोट, 21 अवैध हथियार जब्त किये गए, साथ ही 200 युवक/युवतियों को मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया और 107 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया` नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात वाहिनियों ने 32 वांछित नक्सलियों को गिरफ्तार किया तथा एक नक्सल को आत्मसमर्पण कराया` इसके अतिरिक्त नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 68 हथियार, 303 कारतूस, 48.7 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री तथा 4307 किलोग्राम विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों की जब्ती एवं 3136 एकड़ गांजा तथा अफीम की खेती को नष्ट किया गया।गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के 4 कार्मिकों को पुलिस मेडल फॉर गैलेंट्री, 2 अधिकारियों को प्रेसिडेंट पुलिस मैडल फॉर डिसटिंगुइस्ड सर्विस और 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस तथा सीमान्त पटना के 111 कार्मिकों को महानिरीक्षक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।

इस मौके पर श्री बिश्वजीत कुमार पाल, उप-महानिरीक्षक, श्री के. रंजीत, उप-महानिरीक्षक, श्री अभय प्रकाश, उप-महानिरीक्षक (चिकित्सा), श्री अशोक साजवाण, कमान्डेंट, श्री सुब्रतो साहा रॉय, कमांडेंट (संचार) सहित सशस्त्र सीमा बल के 400 कार्मिक उपस्थित रहें ।

# पंचायत समिति सदस्य और एक युवक को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार किया घायल

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर थाना क्षेत्र के दुल्लीपट्टी में गणतंत्र दिवस रविवार की शाम अज्ञात हमलावर अपराधियों के द्वारा गोली बारी कांड घटना को अंजाम दिया गया। गोलीबारी कांड में दो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गये। अज्ञात हमलावरो के द्वारा की गई गोलीबारी कांड में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान प्रखण्ड क्षेत्र के कुआढ निवासी पंचायत समिति सदस्य सतो यादव और खजौली थाना क्षेत्र छपराढ़ी निवासी पप्पू कुमार बताया गया। घटना थाना क्षेत्र के दुल्लीपट्टी कस्तूरबा विद्यालय के आसपास घटी।अज्ञात हमलावरो ने गोलीबारी कांड की घटना को अंजाम देने के पश्चात चलते बने। दो मोटरसाइकिल पर चार नकाबपोश अज्ञात हमलावर के द्वारा गोलीबारी कांड को घटना को अंजाम देना बताया जाता है। गोलीबारी कांड के पश्चात घटना स्थल पर लोगो की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। अपराधियो के द्वारा गोलीबारी कांड में गम्भीर रूप से घायल सतो यादव व पप्पू कुमार को स्थानीय लोगों के सहयोग से ईलाज हेतू अनुमण्डल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा चिकित्सको ने घायलों की गम्भीर स्थिति देखते हुए बेहतर ईलाज हेतू रैफर कर दिया गया।

इसके पश्चात दोनो घायल व्यक्ति को लोगो के द्वारा निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया।अस्पताल में लोगो की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। गोलीबारी कांड घटना की सूचना पा कर पुलिस बल।घटना स्थल और अस्पताल पहुँच कर घायलों की स्थिति की जानकारी लेते हुए मामले की जांच में जुट गई। चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर ईलाज हेतू रैफर कर दिया गया। वही डीएसपी विप्लव कुमार व थाना अध्यक्ष अमित कुमार घटना स्थल पर पहुच कर मामले की विस्तृत जानकारी लेते हुए जांच में जुट गये।

घटना स्थल पर टेक्निकल सेल ,एफएसएल टीम भी पहुँची। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वही घटना को लेकर सोमवार को दोपहर एसपी योगेन्द्र कुमार घटना स्थल पर पहुचे और मामले की विस्तृत जानकारी ली और घटना उद्भेदन व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतू पुलिस पदाधिकारियो को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताते चले कि जयनगर थाना क्षेत्र के दुल्लीपट्टी गांव के समीप रविवार की शाम अज्ञात अपराधियो के द्वारा गोलीबारी घटना को अंजाम दिया गया था।

मधुबनी एसपी योगेन्द्र कुमार ने सोमवार कि दोपहर घटनास्थल पर पहुच कर कि घटना स्थल का मुआयना करते हुए निरक्षण कर जाएजा लिए। डीएसपी थाना अध्यक्ष समेत स्थानीय लोगो से मामले की विस्तृत जानकारी ली। एसपी के द्वारा घटना स्थल पर मुआयना के दौरान डीएसपी विप्लव कुमार सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह थाना अध्यक्ष अमित कुमार इंस्पेक्टर अनूप कुमार टेक्निकल सेल के पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल मौजूद थे। वही मामले के उद्भेदन जल्द अनुसंधान को लेकर जयनगर डीएसपी विप्लव कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किए जाने की जानकारी दी गई।

# सचिन तेंदुलकर टी ट्वेंटी का फाइनल मैच खगड़िया ने जीता

प्रातः किरण संवाददाता

बिहारीगंज (मधेपुरा)। बिहार क्रिकेट ऐसोसिएशन से पंजीकृत यूथ क्रिकेट क्लब, बिहारीगंज के तत्वाधान में पिछले 19 जनवरी से आयोजित सचिन तेंदुलकर टी ट्वेंटी ड्यूज बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट रविवार को फाइनल के साथ समाप्त हो गया। विगत सतरह वर्षो से आयोजित हो रहे सचिन तेंदुलकर टी ट्वेंटी ड्यूज बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का 17 वाँ संस्करण का समापन 76 वें गणतंत्र दिवस रविवार को हुआ। साल 2025 की शुरूआत महीने में जनवरी को टूनार्मेंट का फाइनल खेला गया। फाइनल खगड़िया और भागलपुर के बीच खेला गया। जिसमें खगड़िया की टीम विजेता बनी और भागलपुर की टीम को उपविजेता से ही संतोष करना पड़ा।टूनार्मेंट के शुरूआत में जहाँ पहले लीग मैच का उदघाटन बिहारीगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ई. प्रभाष कुमार यादव ने किया। वहीं सचिन तेंदुलकर टी ट्वेंटी ड्यूज बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन मधेपुरा जिला परिषद अध्यक्षा मंजू देवी के कर कमलों से हुआ। उन्होंने विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी प्रदान कर 17 वें टूनार्मेंट संस्करण का समापन किया। फाइनल मैच में अतिथि के रुप में मुरलीगंज नगर पंचायत के पूर्व मुख्य पार्षद श्वेत कमल उर्फ बौआ यादव, मुखिया विश्वजीत कुमार उर्फ पिंटू , बिहारीगंज नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी राजकुमार यादव उर्फ भकुल, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह बिहारीगंज प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख भास्कर सिंह, मधेपुरा जिला शिक्षा विभाग के लिपिक आशीष कुमार के अलावे अन्य गन्यमाण उपस्थित थे। जनवरी महीने के 19 तारीख से 26 तक बिहारीगंज के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के क्रीड़ा स्थल पर खेले गए सचिन तेंदुलकर टी ट्वेंटी ड्यूज बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट के सफल आयोजन में शुरू से अन्त तक यूथ क्रिकेट क्लब, बिहारीगंज के अध्यक्ष शिवराज राणा, कप्तान प्रेमशंकर कुमार, मुख्य संरक्षक जसीम खान संरक्षक प्रभाष चंद्र आदि थे।

Govt. of Bihar

BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CENTRAL BUILDING DIVISION, PATNA
SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.- 115 YEAR 2024-25

(For Special Condition, Description and Quantity are available in Website :- State.bihar.gov.in/prdbihar)

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated **06.02.2025** at 12:30 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 1:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives.
Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500
**Details of Works :-**

| Sl No. | Name of Work/Specification |
|---|---|
| 01- | Supply and Installation of Curtain Cloth in Residence No.- 01 at Polo Road, Patna for the year 2024-25. (Occupied by Leader of Opposition Bihar Vidhan Sabha) |
| 02- | Supplying, Fitting and Fixing of Different Furniture Work in Residence No.- 01 at Polo Road, Patna for the year 2024-25. (Occupied by Leader of Opposition Bihar Vidhan Sabha) |

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No.18106 (BCD) 2024-25

Executive Engineer,
Central Building Division, Patna

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–64 वर्ष 2024–25

इस कार्यालय के अंतर्गत विभिन्न भवनो/कार्यालयों में लगे विभिन्न क्षमता वाले DG Set. का कार्य हेतु निर्माता/आपूर्तिकर्ता/अधिकृत एजेंसी/पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदको से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक– 07.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। सरकारी संस्थानों में कार्य अनुभव प्राप्त संवेदको को प्राथमिकता दी जायेगी। सभी प्राप्त कोटेशन उसी तिथि को अपराह्न 3.30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के सक्षम खोली जायेगी। कोटेशनदाता स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही कोटेशन समर्पित करेगें। उक्त कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाऍं किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0 म0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य समप्ति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | Provision of 200 KVA Silent Generator for Hon'ble Judges Guest House (New Additional Building) at 155, Chhajjubagh, Patna. | 10 Days. |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 018123 (BCD) 2024-25

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# ट्रैविस हेड ने दिया संकेत, श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में देखने को मिल सकता है ये बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के उप-कप्तान ट्रैविस हेड ने संकेत दिया है कि मेहमान टीम 29 जनवरी से गॉल में श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को बदलने पर विचार कर रही है।

हेड ने पत्रकारों से कहा, मुझे नहीं पता कि मैं इस समय कहां बल्लेबाजी करने जा रहा हूं। हम देखेंगे कि अगले कुछ दिनों में विकेट कैसा रहता है। पिछले कुछ समय से इस टीम में यह चर्चा का विषय रहा है कि ऑस्ट्रेलियाई पहली पारी, दूसरी पारी, क्रम क्यों नहीं बदलता? हम लचीले क्यों नहीं हो सकते? क्या कदम? हम कैसे बहादुर हो सकते हैं? ऐसा अभी तक नहीं हुआ है। क्या यह ऐसा करने का दौरा है? हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। मुझे लगता है कि यह समूह काफी अनुभवी है और इसमें कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जो खेल की विभिन्न भूमिकाओं और विभिन्न स्थितियों में खेल सकते हैं, हम अलग-अलग लोगों को शामिल कर सकते हैं।

इस बात पर चर्चा शुरू हो गई है कि ऑस्ट्रेलिया को शीर्ष पर उस्मान ख्वाजा के साथ किसे जोड़ना चाहिए - या तो हेड, जिन्होंने 2023 में भारत में टेस्ट में भूमिका निभाई थी या युवा सैम कोंस्टास, जिन्होंने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की है। हेड ने कहा, आप बस इतना करने की कोशिश कर रहे हैं कि टेस्ट मैच जीतने के लिए क्या लचीलापन हो सकता है, इस पर ध्यान केंद्रित करें। अगर यह पहले दिन अधिक पारंपरिक होने और जब यह चरम पर हो जाए तो क्या नहीं कहना है, यह क्रम बदल सकता है। इस समय बहुत से लोग मेरी ओर आकर्षित हो रहे हैं और मैं कहां बल्लेबाजी कर सकता हूं, लेकिन यह हर किसी के लिए अलग हो सकता है।

हेड ने कहा, मुझे लगता है कि लोग (टीम के भीतर) इसके लिए तैयार हैं। खेल विकसित हो रहा है। मुझे नहीं लगता कि किसी ने सैम कोंस्टास को टेस्ट मैच के पहले सत्र में लैप करते देखा होगा। खेल विकसित हो रहा है, इसलिए क्यों न हम यह देखना



जारी रखें कि हम कहां छलांग लगा सकते हैं और कहां हमें फायदा मिल सकता है? अगर यह अलग-अलग पदों पर लोगों का उपयोग कर रहा है, तो यह पारंपरिक रूप से बहुत ज़्यादा नहीं किया जाता है, हमने अभी तक ऐसा नहीं किया है, लेकिन क्या यह दौरा इसके लिए उपयुक्त है? मुझे लगता है कि यह टीम काफी अनुभवी है और एक बेहतरीन स्थिति में है, जहां खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर इसके लिए तैयार रहेंगे। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे।

ऑस्ट्रेलिया ने जब 2022 में श्रीलंका का दौरा किया था तब हेड ने तीन पारियों में बल्ले से सिर्फ 7.66 का औसत बनाया था और उन्हें नागपुर में भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से बाहर रखा गया था। लेकिन वह भारत में अगले तीन टेस्ट में 47 का औसत बनाने में सफल रहे जिसमें इंदौर में मैच जीतने वाली पारी भी शामिल है। अब श्रीलंका लौटने पर हेड ने कहा कि 2022 की तुलना में अब वह एक बदले हुए बल्लेबाज हैं।

उन्होंने कहा, मैं अभी यही कहूंगा कि मैं जिस स्थिति में हूं, उसमें कुछ अलग नहीं है (चाहे मैं 3/32 पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरूं और स्पिनर शीर्ष पर हों या 0/0 पर जब स्पिनर भी अपना स्पेल शुरू कर रहे हों)। लेकिन तीन साल पहले यह पूरी तरह से अलग था। मैं एक अलग मानसिक स्थिति में था और अपने करियर के एक अलग दौर में था, थोड़ा अलग तरीके से बल्लेबाजी कर रहा था। मैं उस दौरे के तरीके से खुश नहीं था। बिल्कुल भी अच्छा नहीं खेला। और फिर मुझे भारत में एक और मौका मिला और मैं कुछ और काम करने में सक्षम था।

हेड ने कहा, मैं पिछली बार यहां और पाकिस्तान में थोड़े बदलाव से गुजरा था। मैंने थोड़ा और पारंपरिक खेलने की कोशिश की, और वह भारतीय श्रृंखला ऐसी थी जो एक या दूसरे तरीके से जा सकती थी। मैं अच्छा नहीं खेलता, और शायद मैं फिर कभी उपमहाद्वीप का दौरा न देखूं। या मैं वहां जाकर वही करूं जो मैं पिछले कुछ सालों से कर रहा हूं और थोड़ा अधिक आराम से खेलूं और इस बारे में चिंता न करूँ कि परिणाम क्या हो सकता है। इसलिए मैं उसी पर ध्यान दूंगा। मैं टेस्ट जीतने के लिए जहां भी होना चाहिए वहां सहज महसूस करता हूं। मुझे अब इस बात की चिंता नहीं है कि मैं कहां बल्लेबाजी करूं। मैं कुछ समय से ऐसा नहीं कर रहा हूं।

## आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय क्रिकेटर चुनी गईं स्मृति मंधाना

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 2024 की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर चुना गया। भारत की उप कप्तान मंधाना ने 2024 में 13 पारियों में



747 रन बनाए जो किसी कैलेंडर वर्ष में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने इस दौड़ में दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट (697 रन), इंग्लैंड की टैमी ब्युमोंट (554 रन) और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज (469 रन) को पीछे छोड़ा। उन्होंने इस दौरान वनडे में चार शतक जड़कर महिला क्रिकेट का नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने इसके साथ सौ से अधिक बार गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाया। मंधाना ने 2024 में 95 चौके और छह छक्के जड़ें। इस 28 साल की बल्लेबाज ने 57.86 की शानदार औसत के अलावा 95.15 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से रन बनाये। उन्होंने बेहतर गेंदबाजी इकाई वाली टीमों के खिलाफ भी कई बड़ी पारियां खेली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जून 2024 में उन्होंने लगातार दो शतक लगाये। भारत ने इस श्रृंखला को 3–0 से जीता था। उन्होंने अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी श्रृंखला के निर्णायक मैच में शतक लगाया था। मंधाना ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में भी शतक जड़ा था लेकिन उनकी शानदार पारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में एक छोर से विकेटों के पतन के बीच मंधाना ने 14 चौके और एक छक्के की मदद से 105 रन बनाए थे।

## आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर चुने गए अजमतुल्लाह उमरजई



**दुबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी अजमतुल्लाह उमरजई को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का 2024 का साल का सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर चुना गया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज और आक्रामक बल्लेबाज उमरजई ने 2024 में अफगानिस्तान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 24 साल के उमरजाई ने 2023 के अपने शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाया और पिछले साल दुनिया के अग्रणी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में शामिल रहे। उमरजई ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह सबसे प्रभावशाली साबित हुए। वह रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज और एएम गजनफर के बाद दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

अफगानिस्तान ने 2024 में अपनी पांच में से चार एकदिवसीय श्रृंखलाएं जीतीं। उमरजई ने पिछले साल 14 मैच में 17 विकेट लेने के अलावा 417 रन बनाए। उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने आयरलैंड, दक्षिण अफ़्रीका, बांग्लादेश और जिंबाबवे के खिलाफ लगातार चार श्रृंखला जीती। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर उमरजई ने पूरे साल बल्ले और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 52.12 की औसत से रन बनाए और 20.47 की औसत से विकेट लिए। उमरजई ने अपने साल के पहले ही एकदिवसीय मैच में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 149 रन की पारी खेली थी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 50 गेंद पर नाबाद 86 रन की आक्रामक पारी भी खेली जिससे अफगानिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय में जीत के साथ श्रृंखला अपने नाम की।

## भारतीय हॉकी को मैंने जितना दिया, देश ने मुझे उससे ज्यादा लौटाया है : पी आर श्रीजेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बोर्ड के इम्तिहान में ग्रेस अंक पाने के लिये हॉकी स्टिक थामने से लेकर मेजर ध्यानचंद के बाद पद्मभूषण पुरस्कार पाने वाले दूसरे हॉकी खिलाड़ी बनने तक पी आर श्रीजेश ने लंबा सफर तय किया है और अब उन्हें लगता है कि पिछले 20 साल में भारतीय हॉकी के लिए उन्होंने जो कुछ भी किया, उससे कहीं ज्यादा देश ने उन्हें लौटाया है। भारत के महानतम गोलकीपरों में शुमार श्रीजेश को पता ही नहीं था कि मेजर ध्यानचंद (1956) के बाद पद्मभूषण पुरस्कार पाने वाले वह दूसरे हॉकी खिलाड़ी है और इस उपलब्धि ने उन्हें भावुक कर दिया।

श्रीजेश ने पुरस्कार की घोषणा होने के बाद कह कि मुझे सुबह खेल मंत्रालय से फोन आया था लेकिन शाम तक आधिकारिक घोषणा होने का इंतजार था। इतने समय सब कुछ फ्लैशबैक की तरह दिमाग में चल रहा था। मैं राउरकेला में हॉकी इंडिया लीग का मैच देख रहा था जब पुरस्कारों की घोषणा हुई। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य जीतने के बाद खेल से विदा लेने वाले 36 वर्ष के इस महान पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि मैंने पहला कॉल केरल में माता पिता और पत्नी को किया जिनके बिना यह सफर संभव नहीं था। इसके बाद हरेंद्र सर (सिंह) को फोन किया जिनके मार्गदर्शन में मैने भारत की जूनियर टीम में पदार्पण किया था।

श्रीजेश ने कहा कि कैरियर से विदा लेने के बाद अब यह सम्मान मिलने से मुझे महसूस हो रहा है कि पिछले 20 साल में भारतीय हॉकी के लिये जो कुछ मैने किया है, देश उसके लिये मुझे सम्मानित कर रहा है। मैं देश को धन्यवाद बोलना चाहता हूं। जितना मैने दिया, देश ने मुझे उससे ज्यादा लौटाया है। यह पूछने पर कि ध्यानचंद के



बाद यह सम्मान पाने वाले दूसरे हॉकी खिलाड़ी बनकर कैसा लग रहा है, उन्होंने कहा कि वह इस बात से अनभिज्ञ थे लेकिन बाद में मीडिया के जरिए ही पता चला तो यकीन नहीं हुआ।

भारत की अंडर 21 पुरूष टीम के कोच बने श्रीजेश ने कहा कि मुझे पता नहीं था कि मैं ध्यानचंद जी के बाद यह पुरस्कार पाने वाला दूसरा हॉकी खिलाड़ी हूं ।सपने जैसा लग रहा है। भारत का हॉकी में इतना सुनहरा इतिहास रहा है और हमने इतने महान खिलाड़ी विश्व हॉकी को दिए हैं। ऐसे में ध्यानचंद जी के बाद मुझे यह पुरस्कार मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन में महिला एकल चैंपियन मैडिसन कीज ने सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर से शीर्ष 10 में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग के चैंपियन यानिक सिनर ने एटीपी सूची में अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी। कीज ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। कीज महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है। उनके अलावा कोको गॉफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा



नवारो (नंबर नौ) शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमेरिकी खिलाड़ी हैं। सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब की हैट्रिक पूरी नहीं कर पाई लेकिन वह नंबर एक पर बनी हुई हैं। उनके बाद इगा स्वियातेक का नंबर आता है जो सेमीफाइनल में कीज से हार गई थी।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन तीन स्थान गिरकर आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि पाओला बडोसा मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गई। पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले साल जून से नंबर एक पर काबिज सिनर इस स्थान पर बने हुए हैं जबकि फाइनल में उनसे हारने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

उनके बाद कार्लोस अलकराज और टेलर फ्रिट्ज का नंबर आता है। पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सेमीफाइनल से हटने वाले नोवाक जोकोविच एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि दानिल मेदवेदेव दो पायदान नीचे सातवें स्थान पर फिसल गए हैं।

## माथे पर बिंदी, दबी मुस्कान, मोहम्मद सिराज क्या इस हसीना को कर रहे डेट

**मुंबई (एजेंसी)।** सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज और अभिनेत्री-गायिका जानाई भोसले के बीच डेटिंग की खबरें चल रही हैं। जानाई प्रतिष्ठित गायिका आशा भोसले की पोती हैं। जानाई ने बीते दिनों मुंबई के बांद्रा में अपने 23वें जन्मदिन समारोह की तस्वीरें साझा की जिसमें वह सिराज के साथ बेहद खुश नजर आ रही हैं। दोनों के बीच केमिस्ट्री देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि उनमें बीच दोस्ती से अधिक कुछ और भी है। दोनों एक-दूसरे को गर्मजोशी भरी मुस्कान के साथ देख रहे हैं जिसे नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल दिखता है। उक्त पोस्ट में जानाई अपनी दादी आशा भोंसले, अभिनेता जैकी श्रॉफ और क्रिकेटर सिद्धेश लाड और श्रेयस अय्यर के साथ भी दिख रही हैं। अपनी दादी आशा भोंसले के साथ पिछले दिनों केक काटती दिखाई थी।

पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होते ही क्रिकेअ फैंस के कमेंट्स की बहार आ गई। कुछेक प्रशंसकों ने तो हंसी मजाक में जानाई



को 'भाभी' (भाभी) तक करार दे दिया। एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में पूछा- क्या आप सिराज भाईजान से शादी करने जा रहे हैं? वहीं, दूसरे ने लिखा- डीएसपी साहब ऐसे हैं - यहां मैं पिगल गया। एक ने लिखा- यहां डीएसपी गिरफ्तार हो गए हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर मोहम्मद सिराज को डीएसपी भी कहा जाता है क्योंकि बीते साल ही टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद तेलंगाना सरकार की ओर से डीएसपी बना दिया गया था। अक्सर मैच के दौरान जब सिराज विकेट लेते हैं तो सोशल मीडिया पर उनके डीएसपी से जुड़े मीम्स ही बनते हैं।

जानाई भोसले छत्रपति शिवाजी महाराज पर केंद्रित एक फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं, और उनके जन्मदिन समारोह में क्रिकेटरों के साथ-साथ फिल्म और टेलीविजन उद्योग के सितारों सहित कई उल्लेखनीय अतिथि शामिल हुए। जानाई की बर्थडे पार्टी में भारत के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर भी नजर आए। उनके जन्मदिन समारोह में उपस्थित लोगों में अभिनेता जैकी श्रॉफ सिद्धेश लाड, सुयश प्रभुदेसाई, पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी आयशा खान और मुंज्या स्टार अभय वर्मा भी शामिल थे।

## केएल राहुल कर्नाटक की टीम में शामिल, इस टीम के खिलाफ खेलेंगे रणजी ट्रॉफी मैच

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल को सोमवार को कर्नाटक की टीम में शामिल किया गया जो 30 जनवरी से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के अपने अंतिम लीग मैच में तालिका में शीर्ष पर काबिज हरियाणा का सामना करेगी। राहुल को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने खेलने के लिए हरी झंडी दे दी है।

यह विकेटकीपर बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कोहनी की चोट से उबर रहा था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह सभी पांच टेस्ट खेले थे। राहुल रणजी ट्रॉफी के अंतिम लीग मैच में कर्नाटक के लिए खेलेंगे जो 2020 में कोलकाता में बंगाल के खिलाफ खेलने के बाद उनका पहला रणजी ट्रॉफी



मैच होगा। ऋषभ पंत, रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और रविंद्र जडेजा जैसे भारत के अधिकांश सीनियर खिलाड़ी पिछले दौर में अपनी-अपनी घरेलू टीम के लिए खेले थे लेकिन राहुल पंजाब के खिलाफ मैच में बाहर रहे जिसे कर्नाटक ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पारी और 207 रन से जीता था।

राहुल के मंगलवार से कर्नाटक की टीम के साथ ट्रेनिंग करने की उम्मीद है। टीम का नेतृत्व सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल कर रहे हैं। कर्नाटक के तेज गेंदबाजी आक्रमण को भी मजबूत मिली है क्योंकि विद्वथ कावेरप्पा की टीम में वापसी हुई है। कावेरप्पा चोट के कारण मौजूदा घरेलू सत्र के बड़े हिस्से से बाहर रह चुके हैं। कर्नाटक ग्रुप सी में 19 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि हरियाणा (26) और केरल (21) पहले दो स्थान पर हैं। नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिए कर्नाटक को अंतिम लीग मैच हर हाल में जीतना होगा।

### हरियाणा के खिलाफ क नर्नाटक की टीम

मयंक अग्रवाल (कप्तान), लोकेश राहुल, श्रेयस गोपाल , देवदत्त पडिक्कल, केवी अनीश, आर स्मरण, केएल श्रीजीत, अभिनव मनोहर, हार्दिक राज, प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वथ कावेरप्पा, वासुकी कौशिक, अभिलाष शेट्टी, यशोवर्धन परंतप, निकिन जोस, सुजय सटेरी और मोहसिन खान। 000

## वारिकन की फिरकी का जादू चला, वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट में हराकर श्रृंखला बराबर की

**मुल्तान (एजेंसी)।** बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन के फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के तीसरे ही दिन सोमवार को यहां पाकिस्तान को 133 रन पर समेटकर 120 रन से जीत दर्ज की और श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। पाकिस्तान की टीम सोमवार को दूसरी पारी में चार विकेट पर 76 रन से आगे खेलने उतरी और जीत के लिए उसे 178 रन की और दरकार थी। मेजबान टीम ने हालांकि वारिकन (27 रन पर पांच विकेट) की फिरकी के सामने 57 रन जोड़कर बाकी बचे छह विकेट भी गंवा दिए। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान में 34 से भी अधिक साल बाद पहली टेस्ट जीत दर्ज की।

ऑफ स्पिनर केविन सिंक्लेयर (61 रन पर तीन विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती (35 रन पर दो विकेट) ने भी वारिकन का अच्छा साथ निभाया।



वारिकन 19 विकेट के साथ श्रृंखला के सबसे सफल गेंदबाज रहे। इस हार के साथ पाकिस्तान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में अंतिम स्थान पर खिसक गया। दोनों टीम ने डब्ल्यूटीसी के मौजूदा सत्र में अपना अभियान पूरा कर लिया है।

सोमवार को पाकिस्तान के कल के दोनों नाबाद बल्लेबाज सऊद शकील (13) और रात्रि प्रहरी काशिफ अली (01) अपने स्कोर में इजाफा किए बिना पवेलियन लौटे। सिंक्लेयर ने दिन की तीसरी गेंद पर शकील को स्लिप में कैच कराया जबकि वारिकन ने काशिफ को बोल्ड किया। मोहम्मद रिजवान (25) और सलमान अली आगा (15) दोनों ने 39 रन की साझेदारी की लेकिन इसके बाद वारिकन का शिकार बने। वारिकन ने साजिद खान (07) को बोल्ड करके वेस्टइंडीज की जीत सुनिश्चित की। इसी स्थान पर पहला टेस्ट 127 रन से गंवाने के बाद वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में 38 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद टीम जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रही। वेस्टइंडीज की टीम निचले क्रम के बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से पहली पारी में 163 रन बनाने में सफल रही और फिर पाकिस्तान को 157 रन पर समेट दिया। वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में 244 रन बनाकर पाकिस्तान को 254 रन का लक्ष्य दिया जिसे मेजबान टीम हासिल नहीं कर पाई। वेस्टइंडीज डब्ल्यूटीसी तालिका में आठवें जबकि पाकिस्तान नौवें स्थान पर रहा।

## 'वही आत्मविश्वास', मांजरेकर ने इस युवा भारतीय बल्लेबाज की तुलना दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी से की

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में तिलक वर्मा के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की है। वह तिलक के शांत रवैये और दबाव में अपनी टीम को जीत दिलाने की क्षमता से बेहद प्रभावित हैं। जब अधिकांश बल्लेबाज मुश्किल पिच पर संघर्ष कर रहे थे तब तिलक ने अपना धैर्य बनाए रखा और 72 रनों की नाबाद पारी खेली। अंतिम ओवर में भारत की जीत सुनिश्चित करने के बाद उन्होंने प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता।



मांजरेकर ने कहा, उनका आत्मविश्वास यह है कि वह भारत को अंत तक जीत दिला पाएंगे और इस रन चेज में भी, 18वें ओवर के आसपास कोई घबराहट नहीं थी। 19वें ओवर में भी, आप देख सकते थे कि भारत को वह बाउंड्री नहीं मिल रही थी जो दबाव को कम कर सके। लेकिन वह अंत तक खेलकर काफी खुश थे। तिलक वर्मा का आत्मविश्वास संयम मांजरेकर को एमएस धोनी की याद दिलाता है, जो शांत दिमाग से मैच खत्म करने के लिए जाने जाते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने बताया कि जब भारत को अंतिम ओवरों में बाउंड्री लगाने में संघर्ष करना पड़ा, तब भी तिलक शांत रहे और अंत तक टिके रहने पर ध्यान केंद्रित किया।

38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड 25 रजत जयंती वर्ष

# संकल्प से शिखर तक


## 38वें राष्ट्रीय खेल, उत्तराखण्ड

28 जनवरी-14 फरवरी, 2025

का



पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

## उद्घाटन

## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

के कर-कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**डॉ. मनसुख मांडविया**
मंत्री, खेल, युवा मामले, श्रम एवं रोजगार
भारत सरकार

**ऋतु खंडूड़ी भूषण**
अध्यक्ष,
उत्तराखण्ड विधानसभा

**रक्षा निखिल खडसे**
राज्य मंत्री, युवा मामले एवं खेल, भारत सरकार

**रेखा आर्या**
मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण, उत्तराखण्ड

**डॉ. पी.टी. ऊषा**
अध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ एवं सांसद

**क्रिस जेनकिंस**
अध्यक्ष, राष्ट्रमंडल खेल

28 जनवरी, 2025 | सायं: 4 बजे | महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून



### देवभूमि से खेलभूमि

- देहरादून, ऋषिकेश टिहरी, ऊधमसिंह नगर, हल्द्वानी, हरिद्वार, नई टिहरी, नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन
- देशभर के लगभग 10,000 खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे
- 35 खेलों में प्रतियोगिताएं
- उत्तराखण्ड के लिए खेलों की मेजबानी का ऐतिहासिक अवसर
- युवाओं को प्रेरित करने के लिए खेल संस्कृति को बढ़ावा
- उत्तराखण्ड के खेल परिदृश्य के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर

### आकर्षण

- मौली (मैस्कट): युवा एथलीटों को ऊंचे लक्ष्य की ओर प्रेरित करने वाला उत्तराखण्ड का राज्य पक्षी मोनाल
- तेजस्विनी (मशाल): परंपरा, एकता और खेल भावना का प्रतीक
- पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल, पवनदीप राजन और पांडवास समूह द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

अधिक जानकारी के लिए लॉगइन करें:-
www.38nguk.in

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
DD न्यूज पर देखें।



मौली (मैस्कट)



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR